तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 26 जुलाई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

11 समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ ने आधा दर्जन...



12 कृषि औजारों की हुई पूजा, पशुधन को लोंदी के...



2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

# बेरला के 47 हितग्राहियों को पक्के मकान का अधिकार पत्र मिला

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा**

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) फेज 2.0 के तहत नगर पंचायत बेरला में गुरुवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भवन अनुज्ञा एवं स्वीकृति-पत्र वितरित किए गए, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू शामिल हुए। उन्होंने 47 हितग्राहियों को पक्के मकान की स्वीकृति प्रदान कर उनके सपनों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया। इस अवसर पर विधायक साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना केवल एक सरकारी योजना नहीं है, बल्कि यह गरीबों को गरिमा से जीने का अधिकार दिलाने वाला एक अभियान है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी पात्र व्यक्ति इस योजना के लाभ से वंचित न रहे।

## पीएम आवास गरीबों को गरिमा से जीने का अधिकार दिलाने वाला एक अभियान है

### हर पात्र को मिलेगा पक्का मकानः विधायक साहू

विधायक साहू ने विश्वास दिलाया कि आने वाले समय में हर जरूरतमंद परिवार को पक्का घर दिलाने के लिए जनप्रतिनिधि और प्रशासन पूरी मुस्तैदी से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने नगर पंचायत बेरला की टीम को योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए बधाई भी दी।



### कार्यक्रम में प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि अमृत माहेश्वरी, उपाध्यक्ष संतोष साहू, सभापति बलराम यादव, बलराम सिवारे, शिवझड़ी सिन्हा, पार्षद भुनेश्वरी टंडन, उमा नेतम, लक्ष्मीलता वर्मा, मथुरा साहू, अंजलि पाटिल और यतीश द्विवेदी, प्रहलाद वर्मा, कन्हैया सेन, लेखराम साहू, गोल्डी द्विवेदी, रोहित साहू, लीला राम साहू, अंजलि साहू सहित बड़ी संख्या में नागरिक और हितग्राही उपस्थित रहे।

**एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण-** कार्यक्रम के अंत में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा रोपण किया गया। विधायक साहू ने इस अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जैसे माँ जीवन देती है, वैसे ही वृक्ष धरती को जीवन देते हैं. यह अभियान प्रकृति के प्रति हमारी श्रद्धा का प्रतीक है।

**सीएमओ ने जताया आभार-** नगर पंचायत बेरला के प्रभारी नगर पालिका अधिकारी हरीश साहू ने विधायक का आभार जताते हुए कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और संवेदनशीलता सुनिश्चित की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### बेमेतरा में एचआईवी एड्स नियंत्रण पर समीक्षा बैठक



**बेमेतरा।** जिले में मानव प्रतिरक्षी विषाणु (एचआईवी) एवं एड्स नियंत्रण को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जिला अस्पताल बेमेतरा के मातृ शिशु भवन (एमसीएच) स्थित सभागार में जिला समेकित रणनीति कार्यक्रम (डीआईएसएचए) के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया. यह बैठक छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति की संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देश और अतिरिक्त परियोजना संचालक डॉ. खेमराज सोनवानी के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. चंद्रप्रकाश ने की। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृतलाल रोहडेलकर, सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू सहित स्वास्थ्य विभाग व जीवन रेखा फाउंडेशन (गैर सरकारी संस्था) से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित रहे. राज्य कार्यालय रायपुर से उप संचालक विक्रांत वर्मा और तकनीकी सलाहकार डॉ. दीपक सरकार ने विशेष रूप से भाग लिया.

डॉ. दीपक सरकार ने जिला समेकित रणनीति कार्यक्रम (डीआईएसएचए) की रूपरेखा और उद्देश्यों की जानकारी दी, साथ ही बेमेतरा जिले में एचआईवी व एड्स नियंत्रण की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की।

### शौचालय जर्जर, व्यवस्था सुधारने की मांग

**बरबसपुर।** विकासखंड कवर्धा के अंतर्गत ग्राम जेवड़न खुर्द के शासकीय मिडिल स्कूल की दर्ज संख्या 101 से अधिक है जहां के शौचालय अत्यंत जर्जर एवं बदहाल होकर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं जिनके कारण से बच्चे लोगों को लाभ नहीं मिल रहा है तथा स्कूली बच्चे को खुले शौच जाना मजबूरी है जिनके कारण से बच्चे परेशान है यदि शौचालय की तत्काल मरम्मत तथा सुधार नवनिर्माण कराया जाए तो स्कूली बच्चों को राहत मिल सकता है।

## हादसा : मां, बहन और पत्नी की चीख-पुकार से ग्रामीण हुए गमगीन

# पेड़ से टकराई कार, चालक की मौत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ साजा**

हरेली अमावस्या का पर्व ग्राम डोंगी तराई (साजा) के कन्नौजे परिवार के लिए दुखों का पर्व बन गया। सड़क हादसे में परिवार का इकलौता चिराग 24 वर्षीय मुकुंद कन्नौजे इस दुनिया को अलविदा कह गया। हादसे की खबर से गांव में मातम पसर गया और हर आंख नम हो गई। जानकारी के अनुसार मुकुंद अपने चार साथियों के साथ रेगा खार घूमने के लिए सुबह निकला था। शाम को लौटते समय उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई और पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि मुकुंद की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि गाड़ी में तकनीकी खराबी के चलते बाकी दोस्त उस समय वाहन से उतर गए थे। हादसे के वक्त मुकुंद के साथ केवल एक और युवक था,





जो गाड़ी का कांच तोड़कर किसी तरह बाहर निकल आया। गांव में पसरा मातम, टूटा परिवार हादसे की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मुकुंद की शादी इसी वर्ष 14 अप्रैल को धूमधाम से हुई थी। उसकी शादी की सजावट की झलक आज भी गांव के कुछ घरों में दिखाई देती है, जो अब दर्दनाक याद बन चुकी है। मुकुंद अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था, एक बहन और भाई के बीच वह घर का सहारा था।

जब परिवार को उसकी मौत की खबर मिली, तो कोहराम मच गया। मां, बहन और पत्नी की चीख-पुकार सुनकर गांव का हर व्यक्ति स्तब्ध रह गया। हर कोई यही कहता रहा – ऐसा बेटा किस्मत वालों को मिलता है, और ऐसा गम किसी को न मिले।

अंतिम संस्कार में उमड़ा जनसैलाब गमगीन माहौल में मुकुंद का अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में विधायक ईश्वर साहू, जनपद अध्यक्ष शौर्य जीत सिंह, बुलॉक साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। सभी ने नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवार को ढांढस बंधाया।

विधायक ने जताया शोक विधायक ईश्वर साहू ने इस हादसे को दुखद बताते हुए कहा, मुकुंद एक होनहार और मिलनसार युवक था। उसका असमय जाना हम सभी के लिए अपूरणीय क्षति है। जनपद अध्यक्ष शौर्य जीत सिंह ने भी गहरी संवेदना व्यक्त की और प्रशासन से परिवार को हर संभव सहायता देने की बात कही।

# जुआ खेलते सात गिरफ्तार साढ़े सात हजार रुपए जब्त



**बेमेतरा।** सायबर सेल एवं थाना सिटी कोतवाली की संयुक्त टीम ने ग्राम सिंघौरी स्थित सब्जी मंडी के पीछे चल रहे जुए के अड्डे पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान सात जुआरी रंगे हाथों पकड़े गए, जबकि कुछ आरोपी पुलिस को आता देख मौके से फरार हो गए।

पुलिस ने मौके से 7,500 रुपये नगद और 52 पत्ती ताश जब्त की। पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में घनश्याम यादव, करण वाल्मीकि, परसराम वर्मा, फरहान, आशाराम वर्मा, तारण निर्मलकर और केशव साहू शामिल हैं। सभी आरोपी बेमेतरा शहर के निवासी हैं। इस कार्रवाई में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा एवं सायबर सेल की टीम ने उप निरीक्षक मयंक मिश्रा के नेतृत्व में कार्य किया।

# मुख्यमंत्री साय 28 को आएंगे दाढ़ी जोरदार स्वागत की तैयारी जारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के 28 जुलाई को प्रस्तावित नगर पंचायत दाढ़ी प्रवास को लेकर पूरे नवागढ़ क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। इस संबंध में नवागढ़ के सतनाम भवन में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल ने की। बैठक में नवागढ़ विकासखंड की सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच, जनपद एवं जिला पंचायत सदस्य, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद अग्रवाल, एसडीएम नवागढ़ दिव्या पोटाई, भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य 28 जुलाई



को होने वाले मुख्यमंत्री के आगमन को सुव्यवस्थित, जनसहभागी और ऐतिहासिक बनाना था। मंत्री बघेल ने कहा कि यह दौरा जिलेवासियों के लिए गौरव का अवसर है, जिसे जन-जन से जोड़ते हुए उत्सव के रूप में मनाया जाना चाहिए। मंत्री ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा, पेयजल और अन्य आवश्यक सेवाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि गांव-गांव में प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक ग्रामीणों को कार्यक्रम से जोड़ा जाए, ताकि मुख्यमंत्री से प्रत्यक्ष संवाद का लाभ आम नागरिकों को मिल सके। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी आयोजन को लेकर अपने सुझाव रखे और आश्वस्त किया कि ग्राम स्तर तक व्यापक तैयारी की जाएगी। सभी ने एकमत से कहा कि मुख्यमंत्री का स्वागत ऐतिहासिक ढंग से किया जाएगा।




## जिले में बनाए गए 20 परीक्षा केंद्र, 2 घंटे पहले पहुंचना होगा परीक्षा केन्द्र

# आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में जिले के 5050 परीक्षार्थी होंगे सम्मलित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा**

व्यवसायिक परीक्षा मंडल के द्वारा कल 27 जुलाई एक पाली में आयोजित किये जाने वाले आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा (एबीए25) परीक्षा के लिए जिले में 20 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जहां पर केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति कर दी गई है। सभी परीक्षा केन्द्रों में समन्वय संस्था शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय बेमेतरा के द्वारा तथा जिला प्रशासन के द्वारा एक-एक आब्जर्वर की भी नियुक्ति कर दी गई है। जिला पुलिस प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों में एक पुरुष पुलिस और एक महिला पुलिस की नियुक्ति की भी गई है। जिला प्रशासन के द्वारा नियुक्त ऑब्जर्वर 27 जुलाई को प्रातः 8.30 बजे प्रश्न पत्र एवं ओएमआर की पेटी लेकर संबंधित परीक्षा केंद्रों में पहुंचेंगे और परीक्षा के उपरांत वापस उन पेटियों को समन्वय संस्था शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय बेमेतरा में जमा करेंगे। जबकि समन्वय संस्था द्वारा नियुक्त ऑब्जर्वर परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन में अपनी सहभागिता देंगे। परीक्षा एक ही पाली में सभी परीक्षा केंद्रों में प्रातः 11 बजे से 1.15 तक होंगी। समन्वय संस्था के सीनियर प्रोफेसर, और समन्वयक डी आर साहू ने बताया कि सभी परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा के लिए व्यापक तैयारी कर ली गई है। सभी परीक्षा केन्द्रों में जैमर भी लगाया जाएगा। छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए कड़े कदम उठाए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर अब हैंडहेल्ड मेटल डिटेक्टर और मैनुअल तलाशी (फ्रिस्किंग) के जरिए सभी परीक्षार्थियों की जांच की जाएगी। साहू ने व्यापम द्वारा उठाए गए इस कड़े कदम की जानकारी देते हुए बताया कि अब सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में कम से कम 2 घंटे पहले पहुंचना अनिवार्य किया गया है। ताकि जांच और सत्यापन की प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके। व्यापम द्वारा जारी किए गए मुख्य दिशा-निर्देश के अनुसार अब सभी परीक्षार्थियों की मेटल डिटेक्टर और मैनुअल ▶▶ शेष पेज 10 पर

छत्तीसगढ़ नर्सिंग कॉलेज
धनोरा, भिलाई
नर्सिंग बी.एस.सी.
9827968807

**खबर संक्षेप**

## धूमधाम से तीज पर्व मनाएगा जाट समाज होंगे विविध कार्यक्रम

**भिलाई।** महाराजा सूरजमल जन कल्याण जाट समाज भिलाई के द्वारा हर साल की तरह इस बार भी 27 जुलाई रविवार को जाट भवन सेक्टर 5, सड़क नंबर 9 में सुबह 10 बजे से धूमधाम से तीज पर्व मनाया जाएगा। आयोजन के दौरान छत्तीसगढ़ के सीबीआई प्रमुख एसएन जाट मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे और समाज के लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान तीज क्वीन, मेहंदी, खेलकूद व रंगोली तियोगिता का आयोजन रखा गया है। इस दौरान बच्चे रंगारंग प्रस्तुति भी देंगे। कार्यक्रम में शामिल होने वालों के लिए स्वरुचि भोज की भी व्यवस्था की गई है

## बीएसपी के संविदा कर्मियों ने किया मंचन



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के महात्मा गांधी कला मंदिर में सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग के सौजन्य से संविदा श्रमिकों द्वारा सुरक्षा नाट्य समारोह का आयोजन किया गया। बीएसपी के कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार के मुख्य आतिथि थे। सीजीएम तापस दासगुप्ता देबदत्त सत्पथी सहित महाप्रबंधक, सुरक्षा अधिकारी, संविदा श्रमिक, सेफ्टी वॉरियर्स उपस्थित थे। नाटक के माध्यम से तीन सुरक्षा मानकों परमिट- टू -वर्क, इलेक्ट्रिकल स्टैंडर्ड और हजार्ड कण्ट्रोल के विषय में मनोरंजक एवं सहज तरीके से कार्मिकों को जागरूक किया गया। इस नाट्य प्रस्तुति ने सुरक्षा के लिए जागरुक किया। एसएमएस-3, पीबीएस एवं वाटर मैनेजमेंट विभाग के संविदा कार्मिकों की तीन टीमों ने नाट्य प्रस्तुतियाँ दीं।मुख्य अतिथि ने कहा कि कार्यस्थल पर सुरक्षा का दायरा केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक 360 डिग्री की समग्र सोच होनी चाहिए, जिसमें हर श्रमिक की भागीदारी अनिवार्य है।इस अवसर पर जीएम पुष्पा एम्ब्रोज, सहायक महाप्रबंधक शोवन घोष व सहायक प्रबंधक आदि उपस्थित थे। जीएम एसके अग्रवाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन व संचालन उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने किया।

## बीआरएम कर्मियों को मिला कर्म शिरोमणि




**भिलाई।** सेल- बीएसपी के मिल्स ज़ोन-1 के बार एवं रॉड मिल में कर्म शिरोमणि सम्मान एवं सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीजीएम योगेश शास्त्री थे।कर्म शिरोमणि' सम्मान से पीवी सत्यनारायण, यशवंत कुमार एवं अमित कुमार वर्मा को सम्मानित किया गया। साथ ही सर्वाधिक नियर-मिस घटनाओं की रिपोर्टिंग करने वाले कर्मी शिव कल्याण को प्रथम, वामसी बेहेरा को द्वितीय तथा टिकेन्द्र नाथ को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन समायला अंसारी ने किया।

### रिसाली में सेंटर का भवन निर्माण भी पूरा लेकिन योजना पर अमल नहीं

# भिलाई, रिसाली, चरोदा व दुर्ग निगम की बस्तियों में सिटी डॉयग्नोस्टिक सेंटर खोलने लाखों बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

निगम क्षेत्रों के लोगों को भले ही रियायती र पर जांच की सुविधा मुहैया नहीं हो पाई लेकिन डॉयग्नोस्टिक सेंटर खोलने लाखों रुपए जरूर बर्बाद हो गए। सिटी डॉयग्नोस्टिक सेंटर खोलने के लिए चारों निगमों ने जमीन भी चिहांकित कर लिए। प्रक्रिया भी पूरी की। रिसाली निगम ने तो सेंटर के लिए 30 लाख रुपए का भवन तक निर्माण कर लिया। वर्तमान में सेंटर न शुरू हो पाया है और न ही अब निगमों को कोई दिलचस्पी है।

### नगरीय प्रशासन विभाग की थी सिटी डॉयग्नोस्टिक योजना

नगरीय प्रशासन व विकास मंत्रालय निगम क्षेत्रों में सिटी डॉयग्नोस्टिक सेंटर खोलने की योजना पूरे प्रदेशभर में लाई थी। भिलाई निगम, दुर्ग निगम, भिलाईतीन चरोदा व रिसाली निगम क्षेत्र के लोगों को जांच सुविधा रियायती दर पर मिले ऐसी मंशा रही। इन चारों निगम का नोडल एजेंसी जिला प्रशासन ने भिलाई निगम आयुक्त को बनाया। भिलाई निगम से ही पूरी प्रक्रिया वर्ष 2021 में प्रारंभ की गई थी।

हरिभूमि सरोकार



रिसाली में टंकी मरोदा बाजार के पास बना 30 लाख का डॉयग्नोस्टिक सेंटर का भवन इस तरह पड़ा हुआ है

**चारों निगम की जनसंख्या जिन्हे मिलता लाभ**

| | |
|---|---|
| भिलाई | -551947 |
| दुर्ग | -232147 |
| रिसाली | -170777 |
| चरोदा | -107000 |

### शहरवासियों को सीटी स्कैन, एमआरआई जैसी महंगी जांच की मिलती है सुविधा

सिटी डॉयग्नोस्टिक सेंटर में 128 प्रकार की जांच सुविधा मिलनी थी। जिसमें प्रमुख रूप से सीटी स्कैन, एक्सरे, सोनोग्राफी, एमआरआई जैसी मंहगी जांच सुविधा मिलती। इनमें से एमआरआई की सुविधा जिला अस्पताल तक में अब तक नहीं है। इसके लिए भिलाई- दुर्ग के निजी डॉयग्नोस्टिक सेंटरों में लोगों को जाना पड़ता है। जिसके लिए 2 हजार से 5 हजार रुपए तक खर्च करना पड़ रहा है। सोनोग्राफी के लिए जिला अस्पताल में कई दिनों के बाद नंबर आ रहा है। सिविल अस्पताल सुपेला में केवल गर्भवती महिलाओं की ही सोनोग्राफी हो रही है। कई जांच भी ऐसी है जिसकी सुविधा जिले के किसी भी सरकारी अस्पताल में नहीं है।

### ये जांच सुविधा भी लोगों को मिलती

सिटी डॉयग्नोस्टिक सेंटर में थॉयराईड, हीमोग्लोबिन, टी.एल.सी, डी.एल.सी, टोटल आर.वी.सी. काउंट, कंपलीट सी.बी.सी, ई.एस.आर., पेरीफेरल स्मियर, पी.एस. फॉर एम.पी./एम.एफ., सिकल सेल, पी.सी. व्ही., प्लेटलेट काउंट, रेटिकुलोसाइट काउंट, ब्लड ग्रुपिंग , सिकलिंग सोल्यूबिलिटी टेस्ट, ब्लीड़िग टाइम, क्लॉटिंग टाइम, एच. वी. इलेक्ट्रोफोरसिस, रेनज्म ब्लड शुगर, ब्लड शुगर फारिंटा, सिरम यूरिक एसिड, लिवर फंगसन टेस्ट, सीरम बिलिरूविन डायरेक्टर सीरम, सीरम प्रोटीन, एच. आई., एच.बीएसी, सहित 128 प्रकार की जांच सुविधा मिलती।

### निगम को उपलब्ध करवाना था केवल भवन

सिटी डॉयग्नोस्टिक सेंटर के लिए सभी चारों निगम को केवल भवन उपलब्ध करवाना था। भवन निर्माण के लिए चारों निगमों को 30-30 लाख रुपए का बजट भी मिले। रिसाली को छोड़कर शेष तीनों निगमों ने भवन निर्माण नहीं किया। सेंटर के संचालन आउट सोर्सिंग के जरिए होती। 15 साल तक के लिए इस सेंटर को आउट सोर्सिंग में दे दिया जाता। सेंटर के भवन का किराया निगम लेती। प्रति वर्ग फुट दो रुपए का किराया निर्धारित किया गया था। भिलाई निगम, रिसाली, भिलाई-3 चरोदा और दुर्ग ने श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों में स्थान का चयन भी कर लिया था। इसके बाद प्रक्रिया को आगे ही नहीं बढ़ाया गया। केवल टेंडर निकालकर खानापूर्ति की गई और यह कह दिया गया कि शर्तों को पूरा नहीं किया जा रहा है।

**इस तरह रियायती दर पर होती जांच**

डॉयग्नोस्टिक सेंटर संचालन के लिए निगम क्षेत्र के लोगों को आधे दाम में जांच सुविधा मिलती। जिस एजेंसी को संचालन के लिए दिया जाता उनका पूरा स्टॉफ वहां जांच का काम करता। जांच के सेंपल कलेक्ट कर वे अपने संसाधन से इसकी जांच करते। निजी डॉयग्नोस्टिक सेंटर से करीब 40 प्रतिशत कम दाम में लोगों को मंहगी सुविधा उपलब्ध हो जाती। निगम क्षेत्र में श्रमिक बस्ती के लोगों के लिए यह डॉयग्नोस्टिक सेंटर फायदेमंद साबित होता। चर्चा है कि भिलाई निगम नोडल एजेंसी थी इसलिए यहां के कतिपय डॉयग्नोस्टिक सेंटरों को लाभ पहुंचाने के लिए इस योजना को अमलीजामा नहीं पहुंचाया गया।

## इन्वेंट्री प्रबंधन में सुधार से मिलेगी सफलता : महापात्रा

### हेड्स ऑफ सामग्री प्रबंधन कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सामग्री प्रबंधन विभाग द्वारा भिलाई निवास में आयोजित तीन दिवसीय हेड्स ऑफ सामग्री प्रबंधन मीट एवं इन्वेंट्री मैनेजमेंट कार्यशाला के दूसरे दिन इन्वेंट्री प्रबंधन प्रणाली नवाचार और उन्नत पॉलिसियों की दिशा में विचार-विमर्श हुआ। वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रोन्नत नीतियों पर सुझाव दिए। बीएसपी के निदेशक प्रभारी चितरंजन महापात्र, कार्यपालक निदेशक निदेशक एके चक्रवर्ती, तथा कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम ने इन्वेंट्री प्रबंधन नीति में सुधार की आवश्यकता पर विचार व्यक्त किए। बीएसपी के कार्यपालक निदेशक एसजे अहमद, अभिषेक डे, बोकारो इस्पात संयंत्र के सी आर मिश्रा, राउरकेला इस्पात संयंत्र अनिल कुमार तथा सीजीएम प्रभारी दुर्गापुर इस्पात संयंत्र व संजीब रंजन दास भी उपस्थित थे। तीन टीमों ने इन्वेंट्री प्रबंधन नीति में संभावित संशोधनों पर प्रस्तुतीकरण दिए।

### कार्यशाला के समापन में एआई पर चर्चा

कार्यशाला के समापन समारोह में बीएसपी के कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती ने सुझावों को अमल में लाने पर विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि एचओएमएम बैठक विचारों के रचनात्मक आदान-प्रदान तथा दीर्घकालिक मुद्दों के समाधान हेतु एक प्रभावी मंच सिद्ध हुई है, जिससे सेल की समग्र क्रय एवं सामग्री प्रबंधन प्रणाली की कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। समापन पर इन्वेंट्री प्रबंधन कार्यशाला में सहभागिता कर रहे प्रतिभागियों को एचओएमएम मंच द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया ।

## जेएलएन अस्पताल में किशोरियों को किया स्वास्थ्य के प्रति जागरुक



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- बीआर कन्या उमा विद्यालय में स्वास्थ्य के प्रति विद्यार्थियों को किया जागरूक

भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) विभाग तथा जेएलएन अस्पताल के तत्वावधान में मिशन लक्ष्मी के तहत बीआरजे शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दुर्ग में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 85 छात्राओं और 5 शिक्षकों ने भाग लिया।

उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में किशोरावस्था की छात्राओं को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विषयों पर चिकित्सकीय जानकारी दी गई।

अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. माला चौधरी ने बाल स्वास्थ्य और टीकाकरण पर जानकारी दी। चिकित्सक डॉ. जकिया ने प्रजनन स्वास्थ्य, कैंसर जागरूकता व मेनस्टुअल हाइजीन का महत्व बताया। आहार विशेषज्ञ लता मिश्रा ने संतुलित आहार पर जानकारी दी। कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन के प्रदर्शन में छात्राओं के साथ शिक्षकों ने भी भाग लिया।

## मोबाइल टॉवर लगाने को लेकर विरोध, वार्ड के लोगों ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- भिलाई-चरोदा निगम वार्ड-17 का मामला
- मोबाइल टॉवर पर रोक लगाने की मांग

नगर पालिका निगम भिलाई-चरोदा में मोबाइल टावर लगाने को लेकर लोगों ने विरोध कर दिया है। मामले में वार्ड 17 शांति नगर भिलाई तीन का है।

मिली जानकारी के मुताबिक एयरटेल कंपनी के द्वारा मोबाइल टावर का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसे लेकर स्थानीय वार्डवासियों ने बुधवार को जमकर विरोध किया है। यह टावर मुक्ता सिनेमा के पीछे, नेमीचंद जैन की निजी भूमि पर स्थापित करने की जानकारी मिल रही है। लोगों ने नगर निगम आयुक्त को लिखित आवेदन देकर मोबाइल टावर के निर्माण पर रोक लगाने की मांग की है। आवेदन में शिकायत किया गया है कि घनी आबादी वाले इस क्षेत्र में टावर लगने से रेडिएशन से स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। भूमि मालिक से लोगों ने बात किया तो उसने बताया कि कंपनी के साथ एग्रीमेंट हो चुका है। विरोध करने वालों में वार्ड के बसंत राव गाणोरकर, आरपी यादव, दिलीप ठाकरे, एसएस नकुल, एसपी मिश्रा, डी कोले, दिनेश गिरी गोस्वामी, अनिल कुमार साहू, तामेश्वर प्रसाद साहू समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## पीएम के मन की बात 27 को, 807 बूथ में सुनेंगे भाजपा कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 124वां एपिसोड 27 जुलाई को आयोजित है। इस बार भाजपा के 807 बूथ के कार्यकर्ता जिले में पीएम मोदी की मन की बात सुनेंगे। जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने कार्य योजना पर चर्चा की। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, जिला संयोजक संतोष सोनी प्रमुख रूप से मौजूद थे।

कौशिक ने कहा कि कार्यक्रम में सामाजिक, व्यापारिक, चिकित्सक व अन्य प्रोफेशनल समूह, अधिवक्ताओं, खिलाडी संघ व स्वसहायता समूह आदि के साथ प्रत्येक विधानसभा में आयोजित करने की योजना बनाई गई है। इसे लेकर तैयारी पूरी हो चुकी है। जिला संयोजक संतोष सोनी ने कहा कि पीएम मोदी की मन की बात को लेकर कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों में खासा उत्साह देखा गया है। सभी महीने के अंतिम हफ्ते में पड़ने वाले रविवार का बेसब्री से इंतजार करते हैं। इसे देखते हुए इस बार कुछ अलग करने का प्रयास किया जा रहा है। बैठक में आभार प्रदर्शन सह संयोजक रज़ा खोखर ने किया। इस अवसर पर मनमोहन शर्मा, हरीश चौहान, कमलेश फेकर, कौशल साहू, लिकेश्वर देशमुख, अनुपम साहू, राजू जांगड़े, हेमन्त सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

## आप के संगठन विस्तार की तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आम आदमी पार्टी द्वारा छत्तीसगढ़ में पार्टी के विस्तार और संगठन की मजबूती के लिए कवायद शुरू कर दी गई है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने बताया कि आगामी 30 जुलाई तक सभी जिलों में जिला स्तरीय मीटिंग होनी है। इसके बाद जोन स्तरीय सम्मलेन होगा। इसमें प्रदेश प्रभारी, सहप्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की मीटिंग होगी। राष्ट्रीय महामंत्री, प्रदेश प्रभारी डॉ. संदीप पाठक और दिल्ली के सुल्तानपुर विधायक, मुकेश अहलावत के निर्देश पर पार्टी विस्तार और मजबूत संगठन की कवायद शुरू की गई है। पार्टी ने 7 ज़ोन बनाकर प्रदेश पदाधिकारियों को पर्यवेक्षक, समन्वयक नियुक्त किया है। जसबीर सिंग को सरगुजा और कोरबा-रायगढ़, सूरज उपाध्याय को बिलासपुर-जांजगीर-चांपा, वदूद आलम को रायपुर-महासमुंद, देवलाल नरेटी और उत्तम जायसवाल को बस्तर, कांकेर और दुर्ग-राजनांदगाव की जिम्मेदारी दी गई।



### नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने चलाया जा रहा अभियान

प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि पार्टी का गठन 12 साल पहले हुए। इतने कम समय में पार्टी ने राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल किया। नए सदस्यों को जोड़ने के लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा। जिला, ब्लॉक स्तर, प्रत्येक वार्ड, पंचायत और बूथ स्तर पर संगठन की टीम तैयार करने की रुपरेखा तैयार की जा रही है। पार्टी में युवाओं और महिलाओं, किसान विंग, ओबीसी विंग एवं एसटी, एससी विंग पर भी पार्टी का बहुत ज्यादा फोकस है।

## बीआरएम की टीम सारथी को नेशनल कन्वेंशन में तीसरी बार मिला प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- प्रतियोगिता में बीएसपी की 36 टीमों ने लिया भाग, दी उत्कृष्ट प्रस्तुतियां

भिलाई इस्पात संयंत्र की बार एंड रॉड मिल की क्वालिटी सर्कल टीम सारथी ने नेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स (एनसीक्यूसी) में लगातार तीसरे वर्ष प्रथम स्थान प्राप्त कर "पार एक्सीलेंस" श्रेणी में पुरस्कार हासिल किया है। ग्वालियर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान में हुई इस प्रतियोगिता में बीएसपी की ओर से 36 टीमों ने भाग लिया, जिनमें से टीम सारथी ने प्रथम स्थान हासिल किया। सीजीएम योगेश शास्त्री ने कहा कि टीम 'सारथी' ने अपने कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण से बीआरएम की कार्यसंस्कृति और प्रतिबद्धता को देशभर में प्रस्तुत किया है।



### टीम वर्क से मिली सफलता

टीम का नेतृत्व फैसिलिटेटर अनिल कुमार द्विवेदी (उप प्रबंधक) द्वारा किया गया। इसके दीपेश कुमार चुघ, धनराज साहू, शुभम शिंदे, कुंते लाल और यशवंत कुमार थे। इन सभी सदस्यों ने अपने-अपने कार्यक्षेत्र में गुणवत्ता पर आधारित क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स को लागू करते हुए सफलता प्राप्त की।

### परीक्षार्थियों को परीक्षा के दो घंटे पूर्व पहुंचना होगा परीक्षा केंद्र

# 27 को आबकारी आरक्षक परीक्षा, तैयारियों को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के प्राचार्य एवं व्यापमं परीक्षाओं के लिए दुर्ग जिले के समन्वयक डॉ. अजय कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी 27 जुलाई को आयोजित आबकारी आरक्षक परीक्षा की तैयारी के संदर्भ में सहायक समन्वयकों की बैठक आयोजित की गई। यह परीक्षा दुर्ग में 70 केन्द्रों में सुबह 11 से दोपहर 1.15 बजे पर आयोजित की जायेगी। इस संदर्भ में सहायक समन्वयक डॉ. एके खान, डॉ. अभिनेष सुराना एवं डॉ. जगजीत कौर सलूजा ने यह जानकारी दी कि परीक्षा में परीक्षार्थियों को परीक्षा के कम से कम 2 घण्टे पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचना होगा तथा परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार सुबह 10.30 बजे बंद कर दिया जायेगा। समन्वयक डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि व्यापमं की परीक्षा नियमानुसार निर्विध्न संपन्न करने हेतु समन्वयक की टीम एवं नोडल अधिकारी द्वारा उड़न दस्ता बनाया गया है, जो परीक्षा केन्द्रों की जांच करेगा।



### व्यावसायिक परीक्षा मंडल के नए निर्देश

सहायक समन्वयक डॉ. अभिनेष सुराना ने व्यापमं के नए निर्देशों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के 2 घण्टे पूर्व परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार पर उपस्थित होना होगा। अभ्यार्थियों के प्रवेश पत्र, मूल पहचान पत्र, ड्रेस कोड, कान का आभूषण न होना, हल्के रंग का आधे बांह का वस्त्र, चप्पल की जांच मुख्य द्वार पर की जायेगी। इसके बाद परीक्षार्थियों की फ्रिस्किंग पुलिस अधिकारियों द्वारा की जायेगी। व्यापमं द्वारा परीक्षा केन्द्रों में मोबाईल जैमर भी लगाये जायेंगे।

### संचार उपकरण रहेगा प्रतिबंधित

सहायक समन्वयक डॉ. जगजीत कौर सलूजा ने बताया कि धार्मिक या सांस्कृतिक पोषाक वाले अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र पर 2.30 घण्टे पहले रिपोर्ट करना होगा। उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरना होगा तभी उन्हें प्रवेश की अनुमति होगी। परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रानिक उपकरण, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षार्थी नीली या काली स्याही वाले बॉल पेन द्वारा

### केंद्राध्यक्ष व पर्यवेक्षकों के लिए ब्रीफिंग

सहायक समन्वयक डॉ. एके खान ने बताया कि 27 जुलाई को होने वाली परीक्षा की तैयारी के लिये 25 जुलाई को महाविद्यालय के डॉ. राधाकृष्णन सभागार में परीक्षा केन्द्र क्रमांक 16036 से 16070 के केन्द्राध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों के लिए सुबह 11 बजे से तथा केन्द्र क्रमांक 16001 से 16035 के केन्द्राध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों के लिये दोपहर 2 बजे से ब्रीफिंग आयोजित की गई है।

**पेज 9 के शेष...**

### आबकारी आरक्षक...

फ्रिस्किंग कार्य होगा। पुरुष और महिला परीक्षार्थियों की जांच क्रमशः पुरुष और महिला पुलिस कर्मी करेंगे। परीक्षा प्रारंभ होने से ढाई घंटे पहले पुलिस कर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। परीक्षार्थी केवल हल्के रंग के हाफ स्लीव कपड़े और चप्पल पहनकर परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। उदाहरण के लिए यदि कोई परीक्षा 11:00 बजे प्रारंभ होती है तो विद्यालय का मुख्य गेट 10:30 बजे बंद कर दिया जाएगा। अब परीक्षार्थी वर्जित वस्तुएं कान के आभूषण, मोबाइल, संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि वस्तुएं अपने साथ परीक्षा कक्ष में नहीं ले जा सकेंगे। परीक्षार्थियों को समय से पूर्व भी परीक्षा केंद्र से बाहर निकलने नहीं दिया जाएगा। परीक्षा के पहले आधे घंटे और अंतिम आधे घंटे में केंद्र छोड़ना प्रतिबंधित रहेगा। व्यापम ने इन निर्देशों को सभी जिलों में लागू करने की बात कही है ताकि परीक्षाएं नकल मुक्त और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हो सकें। इस परीक्षा के लिए परीक्षार्थी अपना मूल प्रवेश पत्र और पहचान के लिए कोई एक मूल आईडी लेकर आएंगे। बिना मूल आईडी/पहचान पत्र के परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

**जिले में बनाए गए परीक्षा केंद्र-** परीक्षार्थियों के लिए मोबाइल, कैलकुलेटर एवं अन्य डिजिटल डिवाइस पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। बेमेतरा जिले में बनाये गए परीक्षा केन्द्रों में शासकीय पं. जवाहर लाल नेहरू कला एवं विज्ञान महाविद्यालय बेमेतरा में परीक्षार्थियों की संख्या सबसे अधिक 480 है। जबकि नगर के अन्य परीक्षा केंद्र लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय बेमेतरा में 360, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा में 360, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय हिन्दी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में 360, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल बेमेतरा में 360, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम शिवलाल राठी बेमेतरा में 300, शासकीय माध्यमिक शाला पिकरी में 60 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। जबकि अन्य परीक्षा केंद्रों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाबा मोहतरा में 300, पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बहेरा कुसमी में 360, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरी में 180, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा में 180, जिला परियोजना लाईवलीवुड कालेज चोरभठ्ठी बेमेतरा में 180, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कठिया रांका में 180, प्रेरणा विद्यालय कठिया में 180, शासकीय हाईस्कूल लोलेसरा में 120, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा में 120, शासकीय पॉलिटेक्निक बेरला में 300, शासकीय नवीन महाविद्यालय बेरला में 300, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेरला 240, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बेरला में 130 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

**खबर संक्षेप**

## प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 30 जुलाई को

**कवर्धा।** जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो, निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है, उन्हें अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कबीरधाम कार्यालय परिसर में 30 जुलाई 2024 दिन बुधवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी को अपने रोजगार पहचान पत्र, समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, स्थायी जाति व निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 1 पासपोर्ट साईज फोटो आदि दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो सकते है।

# उपमुख्यमंत्री शर्मा और स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने किया जिला अस्पताल में सिटी स्कैन यूनिट का लोकार्पण

## जिला अस्पताल कवर्धा में शुरू हुई सीटी स्कैन मशीन, मरीजों को मिलेगी बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कबीरधाम जिले के स्वास्थ्य सेवाओं के इतिहास में 25 जुलाई का दिन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में दर्ज हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा एवं उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा के सतत प्रयासों के फलस्वरूप जिला अस्पताल कवर्धा में अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन की सुविधा प्रारंभ की गई है। इस सुविधा का लोकार्पण आज शुक्रवार को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने विधिवत रूप से सीटी स्कैन यूनिट का उद्घाटन किया। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय की मंशा के अनुरूप राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने का कार्य किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा की सक्रियता और सजगता से कबीरधाम जैसे जिले में भी उच्चस्तरीय स्वास्थ्य संसाधनों का विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि सीटी स्कैन यूनिट शुरू होने से अब मरीजों को जांच के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय की बचत और खर्च में भारी राहत मिलेगी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि यह सुविधा कबीरधाम जिले के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। पहले मरीजों को रायपुर, बिलासपुर या दुर्ग-भिलाई जैसे बड़े शहरों के निजी जांच केंद्रों पर महंगी जांच करवानी पड़ती थी। अब जिला अस्पताल में सीटी स्कैन की सुविधा उपलब्ध होने से आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि यह यूनिट लगभग 4 करोड़ रूपए की लागत से स्थापित की गई है, जिसमें अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया है।

### स्वास्थ्य सेवा में ऐतिहासिक कदम, अब जांच होगी सस्ती और सुलभः विजय शर्मा




श्री शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में राज्य शासन द्वारा कबीरधाम जिले में 38 नए चिकित्सकों की पदस्थापना की गई है। इससे स्वास्थ्य संस्थानों में विशेषज्ञ सेवाएं सुलभ होंगी और उपचार की गुणवत्ता में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि यह केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि जनसेवा और स्वस्थ समाज की मजबूत नींव की दिशा में उठाया गया ठोस कदम है। इस अवसर पर राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष बिसेसर पटेल, सीजीएमएससी के अध्यक्ष दीपक महसके, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, नगर पालिका उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सभापति रामनकुमार भट्ट सहित कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी और नागरिक उपस्थित थे।

## पंडरिया आगमन पर विधायक और कांवड़ियों के स्वागत में उमड़ा शिवभक्तों का जनसैलाब

# पंडरिया पहुंचीं विधायक भावना बोहरा और कांवड़ यात्रा का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ प्रदेश की खुशहाली एवं प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा और उनके साथ लगभग 300 से अधिक कांवड़ यात्रियों के जत्थे का आज यात्रा के पांचवे दिन मोहतरा से पंडरिया नगर, परसवारा, दशरंगपुर पुतकी होते हुए डोंगरिया महादेव मंदिर पहुंचा जहां भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, विभिन्न सामजिक व हिन्दू संगठनों एवं शिवभक्तों ने भव्य स्वागत किया।

इस दौरान पंडरिया विधायक भावना बोहरा और सभी कांवड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ डोंगरिया महादेव का जलाभिषेक किया और छत्तीसगढ़ की खुशहाली एवं प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान पंडरिया नगर में विधायक भावना बोहरा और कांवड़ियों के स्वागत के लिए हजारों की संख्या में भगवा वस्त्र धारण कर क्षेत्रवासियों ने पुष्पवर्षा कर सभी का भव्य स्वागत किया। इसके साथ ही ग्राम दशरंगपुर पुतकी में भी बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामवासियों ने भावना बोहरा और कांवड़ यात्रियों के आगमन पर उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया और यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। बोल बम और हर हर महादेव के नारे से पूरा पंडरिया नगर भक्तिमय और भगवामय हो उठा। लगभग 3000 से अधिक की संख्या में उपस्थित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, युवा एवं महिला मोर्चा, विभिन्न सामाजिक व हिन्दू संगठनों, नगरवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया और उनकी यात्रा में सहभागी बनें। तेज बारिश के बावजूद लोगों में अपार उत्साह और हजारों की संख्या में भीड़ पंडरिया नगर में उमड़ी।




### आज पाण्डातराई से बोड़ला तक कांवड़ यात्रा

26 जुलाई को डोंगरिया से शिव मंदिर एवं गुप्ता धर्मशाला मार्ग से पांडातराई, भारतमाता चौक, करहट्टा चौक, कुसुमघटा, नेउरगांव के रास्ते बोड़ला तक की यात्रा तय की जाएगी। इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि आज मोहतरा से प्रस्थान कर डोंगरिया महादेव मंदिर में जल अर्पण करके छत्तीसगढ़ वासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। यह क्षण अत्यंत ही सुखद रहा है की कांवड़ यात्रा का पहला पड़ाव पूर्ण हुआ और कल हम अपने डोंगरिया से बोड़ला के लिए अपनी आगे की यात्रा के लिए प्रस्थान करेंगे और 27 जुलाई को भोरमदेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ जी का जलाभिषेक कर सर्वमंगल की हमारी यह यात्रा पूर्ण होगी। इस दौरान आज यात्रा के पांचवे दिन पंडरिया नगर आगमन पर उमड़े जन आस्था और शिवभक्तों के सैलाब ने पूरे पंडरिया विधानसभा को भक्तिमय एवं भगवामय कर दिया। इतना अपनत्व,स्नेह और भव्य स्वागत के लिए मैं सभी शिवभक्तों का हृदय से आभार व्यक्त करती हूं।

### सनातन संस्कृति का एक जीवंत प्रतीक है कांवड़ यात्रा

पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि सनातन संस्कृति का एक जीवंत प्रतीक है कांवड़ यात्रा, जो भक्ति, समर्पण और सामूहिक एकता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करती है। शिवभक्तों का यह विशाल जनसमूह सनातन संस्कृति, आस्था, परंपरा और भगवान भोलेनाथ के प्रति विश्वास का प्रतिबिंब है जो बताता है कि भारतीय संस्कृति का गौरवशाली इतिहास आज भी उतना ही शास्वत व अनंत है। उन्होंने आगे कहा कि घनघोर वर्षा में भी सभी ने अपार उत्साह के साथ आगे की यात्रा प्रारम्भ की। यह कांवड़ यात्रा भारत की सांस्कृतिक परंपराओं में निहित सिद्धांतों की पुनर्स्थापना है। कांवड़ यात्रा सिर्फ एक यात्रा नहीं है, ये महादेव को शीतल जल अर्पित करने की परंपरा है, ये लोक-उत्सव है, समानता का सन्देश है क्योंकि चारों तरफ भगवा ही भगवा दिखता है जो सनातन संस्कृति का प्रतीक है। सनातन संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन और समृद्ध संस्कृतियों में से एक है, जो अनादिकाल से मानवता को जीवन जीने की कला सिखाती रही है। यह संस्कृति केवल धर्म तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक जीवन दर्शन है, जो प्रकृति, मानवता और आध्यात्मिकता के बीच संतुलन स्थापित करने का मार्ग दिखाता है।



## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विशेष प्रशिक्षण के लिए कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) को न्याय की सुलभ प्राप्ति कराने हेतु योजनाओं के निर्माण एवं उसके बेहतर क्रियान्वयन हेतु निर्देश प्रसारित करने हेतु निर्देशित किया गया था। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के इसी पहल को साकार स्वरूप प्रदान करने हेतु विभिन्न नवीन योजनाओं का सृजन किया गया है।

इसी नवीन योजनाओ की श्रृंखला में श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे, प्रधान जिला एंव सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कबीरधाम के कुशल मार्गदर्शन पर जिला एवं सत्र न्यायालय स्थित एडीआर भवन में विशेष प्रशिक्षण हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में जिला न्यायपालिका के समस्त न्यायाधीशगण, जिला प्रशासन के अधिकारी, जिला पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कबीरधाम के पैनल अधिवक्ता एवं पैरालीगल वालंटियर्स को माननीय न्यायाधीशगण द्वारा नालसा की योजनाएं आशा, संवाद, साथी, जागृति तथा नशे के विरूद्ध जागरूकता अभियान डॉन एवं 01 जुलाई 2025 से आगामी 90 दिनो तक चलने वाले मध्यस्थता राष्ट्र के लिए विशेष अभियान के संबंध में उपस्थित प्रतिभागियों को इन योजनाओं के बेहतर कार्यान्वयन के लिए दिशा निर्देश व जागरूकता प्रदान करते हुए प्रशिक्षित किया गया। न्यायाधीशगणों द्वारा इस महत्वपूर्ण योजनाओं को माननीय सर्वोच्च न्यायालय व नालसा के सपने को साकार स्वरूप प्रदान करने हेतु जमीनी स्तर से शोषित व उपेक्षित जनमानस को जागरूक किये जाने हेतु गठित विभिन्न ईकाईयों के सदस्यों को प्रशिक्षण के दौरान वर्तमान समाज में दृष्टिगत समस्याओं का विवरण प्रस्तुत कर सारगर्भित रूप से प्रशिक्षित किया गया।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में हरेली त्यौहार की रही धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

दिल्ली पब्लिक स्कूल, महाराजपुर, कवर्धा में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति एवं कृषि आधारित जीवनशैली को समर्पित हरेली पर्व के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं विविध गतिविधियों से युक्त विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति को समर्पित समूह लोकगीत की प्रस्तुति से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने हरेली पर्व के महत्व को मधुर स्वरों में व्यक्त किया। तत्पश्चात बच्चों ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोकनृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को लोकसंस्कृति की रंगत से सराबोर कर दिया। विशेष रूप से आयोजित सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी में विद्यार्थियों ने हरेली पर्व, छत्तीसगढ़ी परंपराएं तथा कृषि आधारित रीति-रिवाजों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देकर ज्ञानवर्धक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में खेती-किसानी में प्रयुक्त पारंपरिक औजारों जैसे हल, फावड़ा, गैंती, कुदाल, बैलगाड़ी आदि की पूजा-अर्चना की गई, जो हरेली पर्व की मुख्य विशेषता है। इसके माध्यम से छात्रों को कृषि के प्रति सम्मान और ग्रामीण जीवन से जुड़ाव का संदेश दिया गया। पोस्टर प्रदर्शन के माध्यम से छात्रों ने हरियाली संरक्षण, जैव विविधता, और प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग का संदेश दिया। साथ ही बच्चों द्वारा तैयार किए गए नारे और चित्रों ने कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक और रोचक बना दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती ग्रेसिया एन फीग्रेड ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हरेली सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि हमारी कृषि संस्कृति और प्रकृति के साथ सामंजस्य का प्रतीक है। हमें अपनी जड़ों से जुड़कर ही भविष्य की ओर अग्रसर होना चाहिए। विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावकों की उपस्थिति से कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा। इस आयोजन ने निश्चित ही विद्यार्थियों के मन में अपनी लोकसंस्कृति के प्रति सम्मान, संरक्षण और गौरव का भाव उत्पन्न किया।



## छिरहा में एक पेड़ मां के नाम हुआ पौधा रोपन



**कवर्धा।** जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा में एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि इस कार्यक्रम में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और लगाए गए पौधों की सुरक्षा का संकल्प लिया। यह पहल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और नई पीढ़ी को प्रकृति से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगा। इस राष्ट्रीय अभियान में प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी, व्याख्याता रंजीता माहेश्वरी, वीणाक्षी नामदेव सहित कई छात्र-छात्राएं सहभागी बने।

## जलाजल हुआ वनांचल...



**कवर्धा।** लगातार हो रही बारिश से जलाजल हुआ जिले के वनांचल, खेत, खलिहानो, नदी नालों में पानी ही पानी।

### लोगों के घरों और दुकानों की चौखट में भरा बारिश व नाली का गंदा पानी

# नपं बोड़ला की खस्ताहाल चौपट व्यवस्था से मुख्य मार्ग पर जलभराव



हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला

एक तो अंचल सहित नगर पंचायत बोड़ला में हो रही लगातार की भारी बारिश और उस पर नगर पंचायत बोड़ला प्रशासन की खस्ताहाल व चरमराई व्यवस्था के चलते नगर में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई।

आलम ये है पानी की समुचित निकासी की व्यवस्था और नालियों की साफ सफाई नहीं होने के कारण नालियों का गंदा पानी और बारिश पानी नगर से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 के दोनों और जाम हो गया है जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि इस भारी अव्यवस्था से सबसे ज्यादा परेशानी मार्ग के दोनो ओर निवास करने वाले नगरवासियों तथा दुकानदारों को हो रही है। दुकानदारों तथा स्थानीय लोगों ने बताया कि शुक्रवार को बोड़ला में हुई लगातार की बारिश के बाद सड़क किनारे की कूड़ा करकट तथा गंदगी से अटी पड़ी नालियां जाम हो गई और नालियों के साथ बारिश का पानी सड़क के दोनो ओर भर गया।

उन्होने बताया कि यह स्थिति नगर पंचायत प्रशासन तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की घोरलापरवाही तथा उदासीनता का नतीजा है। नगर पंचायत प्रशासन तथा नगर के जनप्रतिनिधियों ने वर्षा पूर्व नगर में न तो पानी निकासी के उचित प्रबंध किए हैं और न ही नालियों की समुचित साफ सफाई कराई गई है। जिसके कारण आज नगर के मुख्य मार्ग में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो रही और इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

### नगरवासियों में असंतोष व नाराजगी

नगर पंचायत प्रशासन और स्थानीय सत्तारूढ़ दल के जनप्रतिनिधियों के इस रवैये पर गहरा असंतोष व नाराजगी जाहिर करते हुए नगरवासियों ने कहा कि जो नेता विधानसभा, लोक सभा और नगरीय निकाय चुनाव में बड़ी-बड़ी डींगे हांक कर तथा नगरवासियों का समर्थन प्राप्त कर आज सत्ता सुख भोग रहे हैं उन्हें लोगों की इस समस्याओं से कोई सरोकार नहीं रह गया है। नगरवासियों ने कहा कि नगर पंचायत बोड़ला मुख्यालय नेशनल हाईवे पर स्थित है और यहां से चौबिसों घंटे कई राज्यों के लोगों का आना जाना लगा रहता है। निश्चित रूप से जब इन लोगों की नजर इस अव्यवस्था और जल भराव पर पड़ती होगी तो वे कहते होंगे की इस क्षेत्र का भी भगवान ही मालिक है। लोगों ने शासन प्रशासन तथा स्थानीय प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से इस अव्यवस्था को तत्काल दुरूस्थ कराए जाने की मांग की है।

# समृद्ध छतीसगढ़ किसान संघ ने आधा दर्जन मांगों को लेकर पंडिरया कारखाना प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

समृद्ध छतीसगढ़ किसान संघ ने किसानो तथा संघ से जुड़ी आधा दर्जन मांगो को लेकर एक बार फिर लोह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना पंडरिया के प्रबंध निदेशक के नाम ज्ञापन सौंपा है। इस संबंध में संघ से मिली जानकारी के मुताबिक संघ ने गन्ना किसानो का बकाया मूल भुगतान तत्काल किसानो के खाते में किए जाने, रिकवरी बोनस किसानों को किए जाने, लेबर कॉस्ट को ध्यान में रखते हुए 100 रूपए बोनस दिए जाने, कारखाना में कार्यरत नियमित, संविदा, ठेका श्रमिक कर्मचारी की सूची एवं वेतन भुगतान की जानकारी संघ को दिए जाने, पुराने कर्मचारियों को प्राथमिकता के आधार पर काम में रखे जाने, कारखाना में हर तीन माह में शेयर धारी किसानों के साथ बैठक आयोजित करने तथा कारखाना के लेन-देन एवं हिसाब किताब में समृद्ध छतीसगढ़ किसान संघ के प्रतिनिधि को शामिल किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।



**खबर संक्षेप**



## रजक दंपति ने छात्रों को बांटे स्कूल बेल्ट और टाई

**साजा।** प्राथमिक विद्यालय बीजागोंड़ के पहली से लेकर पांचवी तक के सभी बच्चों को धनेश रजक, लेखा रजक ने बेल्ट व टाई दी। बच्चे स्कूल का नाम अंकित हुए बेल्ट टाई पाकर बहुत खुश हुए। संस्था के प्रधान पाठक विशेषवर नेताम ने बच्चों को रजक दंपति द्वारा चाकलेट, बेल्ट, टाई वितरण करने पर आभार जताया और कहा दान करने से धन घटता नहीं बढ़ता है। बच्चों की दुआ मिलती है, नेक कार्य के लिए धनेश रजक, लेखा रजक को धन्यवाद दिया। बच्चों को टाई बेल्ट वितरण करते समय अपने पहिली कक्षा से पांचवीं तक प्राथमिक शाला में पढ़ाई-लिखाई किये उस समय को याद किया, बच्चों को कहा मैं भी ऐसा ही बैठता था, जब यहा पढ़ता था, थोड़ी शरारते भी करता था। हम जब पढ़ रहे थे तब यह खपरैल वाला स्कूल रही। आप लोग किस्मत वाले हो अब सभी सुविधाएं है। आपके स्कूल में आपके प्रधान पाठक नेताम एक जिम्मेदार हेडमास्टर है और आपके शिक्षिका चंदा सिन्हा भी बहुत अच्छी है आप सभी मन लगाकर पढ़ाई लिखाई करना और हमारे बीजागोंड़ का अपने मम्मी पापा का अपने शिक्षकों का नाम रौशन करना। लेखा रजक ने सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया और कहा हमारे रजक आपके स्कूल मे पढ़ें लिखे है और आज शासकीय प्राथमिक शाला खपरी धोबी मे प्रधान पाठक है, तो बच्चों आप लोग भी अच्छे से पढ़ाई करो और बड़े से बड़े पद पर जाओ और एक अच्छे नागरिक बनों देश के भविष्य हो आप, ये छोटा सा उपहार है भविष्य में जो बन पड़े और करने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक, सहायक शिक्षक चंदा सिन्हा और सभी बच्चे उपस्थित थे।

## वर्षा से खिले किसानों के चेहरे

**थानखम्हरिया।** क्षेत्र में बीते पखवाड़े से मानसून की बेरुखी ने किसानों की चिंताएँ बढ़ा दी थीं। खरीफ फसलें खासकर सोयाबीन और उड़द सूखने की कगार पर पहुँच गई थीं। पर्याप्त बारिश के अभाव में फसल के पत्ते पीले पड़ने लगे थे और खेतों में गहरी दरारें दिख रही थीं। ऐसे संकटपूर्ण समय में, गुरुवार को मौसम ने करवट ली और झमाझम बारिश ने किसानों को बड़ी राहत दी। इस जोरदार वर्षा ने जहाँ खेतों की प्यासी मिट्टी को तृप्त किया, वहीं किसानों के चेहरों पर फिर से मुस्कान लौटा दी।
किसानों ने इस बारिश को फसल के लिए जीवनदान' की संज्ञा दी है। उनका मानना है कि यह वर्षा खरीफ फसलों को ऊर्जा और नवजीवन प्रदान करेगी. हालांकि, क्षेत्र की नदियों और नालों में अभी भी पर्याप्त जलभराव नहीं हुआ है, और किसान निरंतर और झमाझम बारिश का इंतजार कर रहे हैं।
वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, साजा, दिनेश धुर्वे ने बताया,इस वर्षा से धान की बुवाई और रोपाई में जबरदस्त मदद मिलेगी। इस बारिश के बाद छूटे हुए खेतों में खाद डालने से भी फसल को नई ताकत मिलेगी. खेतों में नमी बढ़ेगी, जिससे खेती की तैयारी सरल और कारगर हो सकेगी, साथ ही भूजल स्तर में भी सुधार होगा।
इधर, बारिश से भीषण गर्मी से परेशान ग्रामीणों को भी बड़ी राहत मिली है। मौसम में ठंडक घुल गई है और लू जैसी गर्म हवाओं का प्रकोप थमने से लोगों ने चैन की साँस ली है। कुल मिलाकर, यह बारिश न केवल किसानों के लिए एक उम्मीद की किरण बनकर आई, बल्कि पूरे क्षेत्र में सुखद मौसम और संतोष की अनुभूति भी लेकर आई है।

## एक पेड़ मां के नाम पर ग्राम पालक में पौधारोपण

**कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पालक में एक पेड़ माँ के नाम पर बच्चों के साथ उनके माताओं को आमंत्रित कर वृक्षारोपण कराया गया। साथ ही उन वृक्षों की देखरेख और निगरानी का दायित्व उन बच्चों और माताओं को दिया गया। एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती तीजनबाई स्वयं अपने पुत्री कु.जमुना के साथ वृक्षारोपण में अशोक के पौधे रोपकर कार्यक्रम की शुरुवात की।

**पर्व : सिंघरौरी में हरेली उत्सव का आयोजन, पशुधन के स्वास्थ्य की कामना की**

# कृषि औजारों की हुई पूजा, पशुधन को लोंदी के साथ जड़ी-बूटी खिलाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

हर साल की तरह इस बार भी सिंघरौरी गौठान में छत्तीसगढ़ के प्रथम पारंपरिक त्योहार हरेली पर उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खेती-किसानी में उपयोग होने वाले औजारों की पूजा की गई। उत्सव के दौरान पशुधन को लोदी के साथ जड़ी-बूटी खिलाई गई और हुम देकर उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की गई। साथ ही, छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजनों को भगवान भोलेनाथ को अर्पित कर खेती-किसानी और पशुधन के स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की गई। इसके अलावा, सिंघरौरी स्कूल परिसर में पौधा रोपण भी किया गया। इस अवसर पर दोहई वर्मा (सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष), युगल देवांगन (मंडल अध्यक्ष), विकास तंबोली (पार्षद), प्रकाश ठाकुर (पार्षद), नीतू कोठारी (पार्षद) सहित बड़ी संख्या में सिंघरौरी वासी उपस्थित रहे. इनमें भानूराम साहू, प्रवीण नीलू राजपूत, सीताराम वर्मा, झाड़ू राम वर्मा, सरजू यादव, संतराम यादव, नंदलाल वर्मा, राजेंद्र वर्मा, छम्मन वर्मा, जितेंद्र वर्मा, गोलू साहू, राजीव तंबोली, गिरवर साहू, हेमलाल वर्मा, सौरभ वर्मा, रितेश वर्मा, गजाधर साहू, पोषण वर्मा और अन्य लोग भी शामिल थे।



## सिंघरौर कुर्मी भवन कंतेली में धूमधाम से मना हरेली त्योहार




बेमेतरा। हरेली त्यौहार के अवसर पर सिंघरौर कुर्मी भवन कंतेली में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के सभी वर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान पौधारोपण के साथ-साथ बच्चों और महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़ और मटकी फोड़ जैसे खेलकूद कार्यक्रम आयोजित किए गए।
मटकी फोड़ में गौरी वर्मा विजेता रहीं। कुर्सी दौड़ में प्रथम स्थान नीरा वर्मा और द्वितीय स्थान रीना वर्मा ने प्राप्त किया। बच्चों ने भी इन कार्यक्रमों में बड़े हर्षोल्लास के साथ भाग लिया और विभिन्न खेलों में पुरस्कार जीते। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि घासीराम वर्मा थे, जबकि अध्यक्षता मिथिलेश वर्मा ने की। समाज के सदस्य रामसहान वर्मा, बीरबल वर्मा, उमराव सिंह वर्मा और विक्रांत वर्मा ने इस अवसर पर एकता और भाईचारे का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथियों में समाज के पदाधिकारी अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष रीना वर्मा, उपाध्यक्ष खेमराज वर्मा, कोषाध्यक्ष हेमसिंह वर्मा और सचिव ललित वर्मा शामिल थे। परिक्षेत्रीय पदाधिकारियों में लीलाराम वर्मा, गोपी वर्मा, गुरेन्द्र वर्मा, योगेश वर्मा, देवचरण वर्मा, चंद्रकुमार वर्मा, अजय वर्मा और महेश वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सुकदेव वर्मा और अतुल वर्मा ने किया. इस अवसर पर रोशनी वर्मा, रीना वर्मा, नीरा वर्मा, अमृत वर्मा, नीलिमा वर्मा, सुनीता वर्मा, संतोष शर्मा, मुकेश वर्मा, मेघु वर्मा, तरण वर्मा, रमेश वर्मा, रवि वर्मा, अजय वर्मा सहित समाज के अन्य लोग भी उपस्थित थे। यह आयोजन समाज में सौहार्द और एकजुटता का प्रतीक बना, जहाँ सभी ने मिलकर हरेली पर्व का आनंद लिया।

# लाईवलीहुड कॉलेज में कौशल तिहार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




बेमेतरा। लाईवलीहुड कॉलेज चोरभठ्ठी परिसर में जिला स्तरीय 'कौशल तिहार 2025' का आयोजन किया गया। जिला कौशल विकास प्राधिकरण एवं लाईवलीहुड कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम में युवाओं ने सिलाई-कढ़ाई, कंप्यूटर, सोलर तकनीक, ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग जैसे प्रशिक्षण क्षेत्रों में अपने-अपने मॉड्यूल्स का प्रदर्शन किया। छात्राओं ने खुद के डिज़ाइन किए वस्त्र प्रदर्शित किए तो वहीं तकनीकी छात्रों ने डिजिटल इंडिया, सौर ऊर्जा और वाहन मरम्मत से जुड़ी कार्यशालाएं प्रस्तुत कीं। कल्पना तिवारी ने सभी प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण कर प्रशिक्षुओं से बातचीत की। उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, संसाधनों और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए युवाओं को रोजगार एवं स्व-रोजगार के लिए प्रेरित किया। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने इसे नारी सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, प्रशिक्षक, अभिभावक व सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, लाइव डेमो और प्रदर्शनियों ने भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

# सखी सहेली महिला संगठन ने मनाया हरेली




**साजा।** नगर के अंबेडकर भवन में सखी सहेली क्षेत्र स्तरीय महिला संगठन के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ की परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को सजीव करते हुए हरेली तिहार का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नारी शक्ति, परंपरा एवं लोकसंस्कृति के अद्भुत संगम का प्रतीक बना।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रेरणा शौर्यजीत सिंह की उपस्थिति रही। उन्होंने हरेली पर्व की सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं की भूमिका को सराहा।

कार्यक्रम में पार्षद कमल राजपूत, पार्वती वर्मा,गौकरण साहू एवं जमुना जायसवाल भी उपस्थित थी। सभी जनप्रतिनिधियों ने आयोजन की सराहना की और महिला संगठन के इस प्रयास की प्रशंसा की। आयोजन में महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिससे माहौल हर्षोल्लासपूर्ण बना रहा। इस आयोजन ने नारी सशक्तिकरण, सांस्कृतिक संरक्षण और सामाजिक सहभागिता का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल खो-खो, कबड्डी आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने उत्साह से हिस्सा लेकर त्यौहार का आनंद लिया। कार्यक्रम को देखने भारी संख्या में शहरवासी भी उपस्थित थे।

# परिधान, व्यंजन, गेड़ी और सांस्कृतिक प्रस्तुति से हरेली को किया जीवंत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़/मारो

छत्तीसगढ़ के प्रथम तिहार हरेली के अवसर पर बुधवार को पीएम श्री सेजेस मारो में पारंपरिक उल्लास एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ हरेली उत्सव तथा पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी एवं पारंपरिक कृषि उपकरणों के पूजन से की गई। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा छत्तीसगढ़ी परिधान, पारंपरिक व्यंजन, पोस्टर प्रदर्शनी, गेड़ी चल प्रतियोगिता एवं विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से हरेली तिहार के रंगों को जीवंत किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष धनलाल देशलहरे, पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष नरेंद्र साहू, नंदिनी जांगड़े, संस्था की प्राचार्या सरिता गुप्ता, व्याख्याता छेदु सिंह ठाकुर एवं समस्त शिक्षकगणों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

**एक पेड़ मां के नाम पर लगाए पौधे-** कार्यक्रम में हरेली तिहार की महत्ता पर प्रकाश डाला गया तथा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया। प्राचार्या सरिता गुप्ता ने समस्त विद्यालय परिवार, छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को हरेली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए इस तरह के आयोजनों को संस्कृति से जुड़ाव का माध्यम बताया।

# प्रेसिडेंट लीनेस अनिता का बेमेतरा प्रेरणा मेन क्लब में भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



ऑल इंडिया लीनेस क्लब की डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट लीनेस अनिता कपूर की लीनेस क्लब बेमेतरा - प्रेरणा मेन की आधिकारिक यात्रा 21 जुलाई को सम्पन्न हुई। यह कार्यक्रम शहर के रसोई रेस्टोरेंट में आयोजित किया गया, जहां उनका पारंपरिक ढंग से शंखनाद, चुनरी, छतरी और तिलक-आरती के साथ स्वागत किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें पंडितजी द्वारा नारियल और अक्षत से आशीर्वाद स्वरूप पूजा संपन्न कराई गई। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी लीनेस वासंती सरकार, एरिया-4 की एरिया ऑफिसर लीनेस निमिषा ठक्कर एवं राजनांदगांव क्लब की लीनेस मोना अग्रवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

क्लब अध्यक्ष लीनेस शशि तिवारी ने अपने संबोधन में बताया कि डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अनिता कपूर जी विदुषी, धैर्यशील, गंभीर और सेवा के प्रति पूर्णतः समर्पित व्यक्तित्व की धनी हैं। उन्होंने अपने वक्तव्य में समाज के जरूरतमंदों की सेवा व सहयोग को जीवन का उद्देश्य बताया। क्लब की ओर से दो बेरोजगार युवकों को स्वरोजगार हेतु पूर्ण रूप से सुसज्जित फोटोकॉपी सेंटर एवं डेली नीड्स की दुकान उपलब्ध कराई गई। डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट ने इन दुकानों का स्थलीय निरीक्षण कर लाभार्थियों से बातचीत की और इसे क्लब का स्थायी प्रोजेक्ट घोषित किया। उन्होंने क्लब की इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह जनहित में कार्य करते रहने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर क्लब सचिव और कोषाध्यक्ष द्वारा गत 6 माह की गतिविधियों तथा आय-व्यय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन लीनेस रानी रवानी ने किया, जबकि स्वागत गीत लीनेस कनक लता मिश्रा ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में 4 वर्षीय कुहू नातिन लीनेस ललिता साहू ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। लीनेस वीणा त्रिपाठी, नीलम साहू, वर्षा गौतम, मंजू शर्मा, अन्नू पांडेय एवं पार्वती दुबे द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का समापन लीनेस डॉ. वीणा त्रिपाठी द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

**भक्ति और श्रद्धा से सराबोर रहा मंदिर परिसर, श्रद्धालुओं ने लिया भाग**

# शमी गणेश मंदिर में रुद्राभिषेक व भंडारे का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

नगर के हृदय स्थल पर स्थित ऐतिहासिक व प्राचीन श्री शमी गणेश मंदिर में मंगलवार को एक भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ. इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिन्होंने रुद्राभिषेक, विशेष पूजा-अर्चना, भंडारा और रामधुन-कीर्तन में श्रद्धा और भक्ति भाव से भाग लिया।कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत दोपहर 12 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। मंदिर के गर्भगृह में भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया, जो शाम 4 बजे तक अनवरत चला। इस पवित्र अनुष्ठान का संचालन यज्ञाचार्य अशोक शर्मा, सोनू शर्मा और मंदिर के पुजारी शिव कुमार शर्मा ने विधि-विधान से किया।



इस दौरान उपस्थित श्रद्धालु ॐ नमः शिवाय के उच्चारण में लीन होकर भक्तिरस में डूबे दिखे अभिषेक के लिए गंगाजल, दूध, दही, शहद, घी, पंचामृत, बेलपत्र, भस्म और पुष्पों का उपयोग किया गया, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया था।

### मुख्य यजमानों और समिति सदस्यों का योगदान

कार्यक्रम में मिंटू बिसेन - संगीता बिसेन और सुरभि पलाश दत्त दुबे मुख्य यजमान के रूप में शामिल रहे। उन्होंने अपने परिवार सहित भगवान शिव की आराधना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की और श्रद्धापूर्वक पूजा-सामग्री अर्पित कर रुद्राभिषेक में सक्रिय भूमिका निभाई। पूरे आयोजन की व्यवस्था में मंदिर समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही. प्रमुख सदस्यों जैसे कल्पना सुरेश दत्त दुबे, सरोज प्रवीर दत्त, निधि अखिलेश दत्त दुबे, सौरभ ज्योति ताम्रकार, अरुण बरनवाल, नीलेश जायसवाल, मिलाप राम, सुखनंदन सोनी और अन्य ने आयोजन को सफल बनाने में दिनभर सक्रियता दिखाई। उन्होंने मंदिर परिसर की साफ-सफाई, श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था, पूजा सामग्री का प्रबंधन और भंडारे की तैयारी में बढ़-चढ़कर योगदान दिया।

### रामधुन-भजन में झूमे श्रद्धालु

भंडारे के उपरांत वातावरण को और भी भक्तिमय बना दिया रामधुनी मंडली ने, जिनके भजन और कीर्तन से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। इस मंडली में रामनारायण पाठक, रामनाथ ध्रुव, खेलन यादव, लखन देवांगन जैसे प्रमुख भक्तों ने भाग लिया।

